# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
# भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, मधेपुरा।

पत्रांक–

प्रेषक,

ई0 जीशान कादिर,
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, मधेपुरा।

सेवा में,

M/S Oasis Creation,
Proprietor
Babita Kumari,
404 Baidyath Palace, Jagdeo Path Patna-800014

दिनांक–

विषयः– उपकारा उदाकिशुनगंज के 20 बेड वाले महिला बैरेक का निर्माण कार्य को अनावश्यक रूप से लंबित रखने के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– (1) एकरारनामा संख्या–81F2/2024-25
(2) कार्यादेश पत्रांक–317 दिनांक–04.03.2025
(3) इस कार्यालय का पत्रांक–576 दिनांक–15.07.2026
(4) इस कार्यालय का 664 दिनांक–27.7.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि उपकारा उदाकिशुनगंज के 20 बेड वाले महिला बैरेक का निर्माण कार्य का एकरारनामा सं0–81F2/2024-25 है, जिसका कार्य प्रारंभ की तिथि–04.03.2025 है एवं कार्य समाप्ति की तिथि–03.09.2025 है, जो समाप्त हो चुकी है। वर्तमान मे संरचना का कार्य लगभग पूर्ण कर छोड़ दिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक–07.07.2026 को निरीक्षण भी किया गया जिसमें संरचना कार्य पूर्ण करके कार्य बंद पाया गया एवं दिनांक–28.07.2026 को सहायक अभियंता के द्वारा भी निरीक्षण किया गया जिसमें कार्य बंद पाया गया। आपसे इस कार्यालय द्वारा प्रासंगिक पत्र 3 एवं 4 द्वारा Revised work Plan Affidavit सहित मांग की गई जो आज दिनांक तक अप्राप्त है। कार्य में तेजी लाने का निदेश दिये जाने के बावजूद भी आपके द्वारा उक्त निर्माण कार्य में कोई सकारात्मक सुधार नहीं किया गया जो काफी खेदजनक एवं दंडात्मक कार्रवाई के पात्र हैं।

अतः आपके योजना के निर्माण कार्य एवं समय के अनुपात में निर्माण की प्रगति धीमी/बंद पाये जाने के कारण उक्त कार्य की समाप्ति तक आपको अगले निविदा में भाग लेने से डिबार किया जाता है। साथ ही आपको निदेशित किया जाता है कि उक्त कार्य को दिनांक 30.09.2026 तक पूर्ण कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर आपके एकरारनामा को विखंडित कर दण्डात्मक कार्रवाई एवं कालीकृत करने की अनुशंसा कर दी जाएगी।

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, मधेपुरा।

ज्ञापांकः– 685 दिनांकः– 29.07.2026

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता (उ0) भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, सहरसा/निदेशक–सह–मूल्यांकन–सह–कय कोषांग, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/7/26

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, मधेपुरा।